सार-समाचार

वन विभाग ने अतिक्रमण हटाया

छबड़ा (निसं)। वन विभाग ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जाला में लगभग 5-7 बीघा वनभूमि में अतिक्रमण की नियत से बोई गई मक्का की फसल को जेसीबी से नश्ट किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी तरूण रावत ने बताया कि नाका पाली के वनखंड जाला में लगभग 5-7 बीघा वनभूमि में अतिक्रमण की नियत से बोई गई मक्का की फसल को जेसीबी से नश्ट किया एवं अतिक्रमी द्वारा किए गए झाड-बाड तथा किए गए पत्थर कोट एवं टापरी को भी हटाया। कार्रवाई में पाली नाका प्रभारी तेजराजसिंह हाडा, वनपाल मोहम्मद अखलाक़, जितेंद्र सहरिया, वनरक्षक राकेश चौधरी, तकनीशियन रामलाल बंजारा, रामप्रसाद मीणा, चंदू यादव व गृहरक्षा दल के जवान मौजूद रहे।

अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन मांगे

झालावाड़ (निसं)। विस्फोटक नियम, 2008 एवं संशोधित नियम 2019 के अनुसार दीपावली पर्व के अवसर पर ग्रीन आतिशबाजी विक्रय हेतु अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए निर्धारित आवेदन पत्र 20 सितम्बर, 2024 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर आवेदन पत्र कार्यालय जिला कलेक्टर झालावाड में प्रस्तुत करने होंगे। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्रीन आतिशबाजी विक्रय हेतु अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन पत्र के साथ दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो, निवास संबंधी प्रमाण हेतु आधार कार्ड की फोटो प्रति, सादा कागज पर स्वयं द्वारा प्रमाणित शपथ-पत्र जिसमें राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी निर्देशों की पालना किए जाने हेतु वचनबद्ध हो देना होगा। साथ ही आवेदक को केवल ग्रीन आतिशबाजी विक्रय करने तथा प्रत्येक आतिशबाजी के बॉक्स पर नीरी द्वारा जारी किए गए क्यू आर कोड वाली आतिशबाजी का ही विक्रय किए जाने के संबंध में भी शपथ-पत्र देना होगा। इसके अतिरिक्त सादा कागज पर चाईनीज या अन्य प्रकार से प्रतिबंधित पटाखों का विक्रय नहीं करने का शपथ-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। लाइसेंस शुल्क 500 रुपए ई-चालान से जमा कराकर चालान की प्रति देनी होगी तथा आतिशबाजी अधिकृत होलसेलर से क्रय कर बिल प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

बूंदी (निसं)। बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने डाबी सी.एच.सी को मॉडल सी.एच.सी बनाने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया। पत्र में बूंदी विधायक ने लिखा कि विधानसभा क्षेत्र बूंदी में डाबी जो बरड क्षेत्र के मुख्यालय के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर आसपास के 10 पंचायत के लोग प्रतिदिन हजारों की संख्या में आवागमन करते हैं साथ ही इस क्षेत्र में सबसे अधिक आदिवासी जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं और यहां से राजमार्ग भी गुजरता है। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए यहां पर मॉडल सी.एच.सी. की अति आवश्यकता है। बजट घोषणा में हर एक विधानसभा क्षेत्र में से एक सीएचसी को मॉडल सीएचसी बनाने की घोषणा की गई थी। इसके अंतर्गत बूंदी विधानसभा क्षेत्र में डाबी सीएचसी को मॉडल सीएचसी बनाने का अनुरोध किया। साथ ही बूंदी विधायक ने उच्च शिक्षा मंत्री को भी पत्र लिखकर राजकीय महाविद्यालय तालेडा के लिए भूमि आवंटन कर भवन स्वीकृत करने व महाविद्यालय तालेडा में उर्दू विषय खोलने की मांग की है।

प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आज

रावतभाटा, (निसं)। ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क टेबलेट वितरण शिक्षक दिवस के उपलक्ष में गुरूवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजबीरी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धांगडमाऊ कला के प्राध्यापक बजरंग लाल सुथार, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शंभू नाथ जी का खेड़ा की शारीरिक शिक्षिका रेखा वैष्णव एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय केलूखेड़ी की अध्यापिका अनीता मीणा को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम में पंचायत समिति क्षेत्र के 97 प्रतिभावान छात्रों को नि:शुल्क टेबलेट वितरण किए जाएंगे, कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ोलिया में प्रात: 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

शिक्षकों का सम्मान समारोह आज

छबड़ा (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह गुरूवार को सुबह 11 बजे पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। एसडीएम रामसिंह गुर्जर, तहसीलदार अभिषेक पारीक, विकास अधिकारी अजीत मीणा और प्रधान हरिओम नागर के आतिथ्य में शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर ने बताया कि शिक्षक महेंद्र कुमार नागर कादरपुरा, षिक्षिका कामना गुप्ता बमोरा और वरिष्ठ अध्यापक सागरमल झरखेड़ी का समारोहपूर्वक सम्मान किया जाएगा। समारोह में ब्लॉक में सबसे कम समय में शाला स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य पूर्ण करने पर कार्यवाहक पीईईओ सुनील मीणा को भी सम्मानित किया जाएगा।

कॉलेज आयुक्तालय के नाम ज्ञापन सौंपा

छबड़ा (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में विषय परिवर्तन से संबंधित समस्याओं को लेकर छात्रसंघ उपाध्यक्ष नितिन मालव के नेतृत्व में सहायक प्रोफेसर को कॉलेज आयुक्तालय के नाम ज्ञापन सौंपा। वसीम अली और लवीश सुमन ने बताया कि आयुक्तालय द्वारा उन्हें जो विषय दिए गए है, वे छात्रों की रुचि के अनुरूप नहीं है। जिन्हें विद्यार्थी परिवर्तन करवाकर मनचाहा विषय लेना चाहते हैं, किंतु उन्हें मनचाहा विषय नहीं मिल पा रहा। जिसकी वजह से वे कॉलेज से अपना एडमिशन वापस लेने को मजबूर है। यहां राधिका, सानिया, निकिता, राहुल यादव, विक्रम गुर्जर, दीपक वैष्णव, जोगेंद्र, मोनू, उत्तम सुमन, मनीष आदि मौजूद रहे।

21वीं पशु गणना का प्रशिक्षण संपन्न

छबड़ा (निसं)। 21वीं पशु गणना का प्रशिक्षण ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस छीपाबडौद के सभागार मे संपन्न हुआ। जिसमे अटरू, छबडा, छीपाबडौद के गणक एवं पर्यवेक्षकों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। प्रभारी विजेंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण मे आए बारां के पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेषक डॉ. हरिबल्लभ मीणा व डॉ. बलराम गुर्जर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष मे यह गणना करवाई जाती है। पहली गणना 1919 मे की गई तब से ही लगातार की जा रही हैं। यह गणना एक से 31 दिसंबर तक होगी। प्रशिक्षण मे अटरू ब्लॉक प्रभारी डॉ. कमल मीणा, डॉ. महेंद्र नागर, डॉ. भरत मीणा ने भी पर्यवेक्षक के रूप मे भाग लिया।

वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया

बून्दी (निसं)। उदयपुर से आगरा के लिए शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन ने अपने प्रथम फेरे में भीमलत की प्राकृतिक वादियों से बूंदी जिले में प्रवेश किया। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बफर जोन भीमलत क्षेत्र के जंगलों का प्राकृतिक सौंदर्य यहां से गुजरने वाले यात्रियों को आकर्षित करता है। यह रेल लाइन भीमलत बांध के किनारे व जलप्रपात से होते हुए 320 मीटर लंबी भीमलत सुरंग के रास्ते बून्दी में प्रवेश करती है। यहां अभयपुरा बांध के साथ साथ भीमलत वैली का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है। यह प्राकृतिक वैली उदयपुर व चित्तौड़ की तरफ से आने वाले पर्यटकों व रेल यात्रियों का हरियाली के साथ स्वागत करती है।

राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन

रावतभाटा, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी राजबीरी देवी के निर्देशानुसार बुधवार को भैंसरोडगढ़ सेक्टर में सप्तम राष्ट्रीय पोषणमाह का आयोजन स्लोगन व रैली के साथ किया गया। जिसमे किशोरी व माताओं में रक्त अल्पता से होने वाली एनिमिया बीमारी के बारे में एवं एनिमिया की जांच व रोग उपचार की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला पर्यवेक्षक मुक्तेश वैश्णव, प्रेम तबोली व ब्लॉक कोर्डिनेटर मुकुल कटारिया व भैंसरोडगढ़ सेक्टर की समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रही।

नियमित और प्रभावी कार्रवाई से अवैध खनन रोके : जिला कलेक्टर

बूंदी (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने निर्देश दिए है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए नियमित और प्रभावी कार्रवाई की जाए। यह निर्देश जिला कलेक्टर ने बुधवार को अवैध खनन की रोकथाम के लिए किए गए उपायों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में अवैध खनन की रोकथाम के लिए नियमित रूप से सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई हो। पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा माइनिंग विभाग को टीम बनाकर खनन माफिया के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बडे पैमाने पर अवैध खनन करने वाले लोगों का डाटाबेस तैयार करवाया जाए, ताकि इनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन वाले क्षेत्रों को चिन्हित करें और कार्ययोजना बनाकर रोकथाम के लिए मिशन मोड पर प्रभावी कार्रवाई की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित लीज के अतिरिक्त किसी भी क्षेत्र अथवा स्थान पर खनन नहीं हो, इसकी सुनिश्चितता की जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में कहीं भी अवैध माइनिंग नहीं हो, इसकी पूर्ण सुनिश्चितता की जावे। खनन कार्य नियमों के अनुरूप ही हो, ताकि अवैध खनन पर अंकुश लगे। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन के संबंध में नियमित रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए।

बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जिले में अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम को लेकर बैठक ली।

उन्होंने माइनिंग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बूंदी टनल के समीप चैक पोस्ट स्थापित करने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय किया जाए। इसके अलावा इन्द्रगढ़, लाखेरी, डाबी व केशवराय पाटन क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से भी अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जाए और अवैध खनन मिलने पर संबंधित थाने में इसकी एफआईआर भी करवाई जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि नैनवां क्षेत्र में भी अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्यवाही की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी उनके क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त करें। अवैध खनन की कार्यवाही के लिए समय पर सूचना दी जावे। परिवहन विभाग द्वारा भी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित रूप से कार्यवाही की जावे।उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र के उपखंड अधिकारियों को कार्यवाही सूचना से अवगत कराया जाए। बैठक में जिला कलेक्टर ने विगत दो माह के दौरान अवैध खनन के विरूद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में फीडबैक भी लिया और आगामी 15 दिन तक मिशन मोड पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, तालेडा उपखण्ड अधिकारी एच डी सिंह,एमई प्रथम प्रशांत बेदवाल, एमई द्वितीय सहदेव सारण, एसीएफ हेमराज सिंह, जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा, आदि मौजूद रहे।

'भाजपा के लिये राष्ट्रप्रथम और लोकतंत्र सर्वोपरी है'

कोटा, (निसं)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कृषिमंत्री प्रभुलाल सैनी नें कोटा में बुधवार को अपरान्ह में पत्रकारवार्ता एवं भाजपा सदस्यता अभियान शुभारम्भ कार्यशाला को सम्बोधित किया।

इस दौरान उनके साथ विशिष्ट अतिथि विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, भाजपा प्रदेशमंत्री अनुसुईया गोस्वामी रहीं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश जैन एवं अतिथि देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, जिला प्रभारी आनन्द गर्ग एवं इन्द्रजीत सिंह झाला, सदस्यता अभियान संयोजक कोटा शहर इन्द्रमल जैन एवं कोटा देहात योगेन्द्र नंदवाना अल्कू, जिला, प्रमुख मुकेश मेघवाल एवं संचालन भाजपा मीडिया विभाग के संभाग संयोजक अरविन्द सिसौदिया मंचस्थ रहे। पत्रकारवार्ता सम्बोधित करते हुये भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी नें कहा भाजपा विचारधारा आधारित पार्टी है। उसके लिये राष्ट्रप्रथम और लोकतंत्र सर्वोपरी है। भाजपा के संविधान में वर्णित पंचनिष्ठाओं में विश्वास करने वाले करोड़ों करोड़ देशवासियों के पास पार्टी सदस्यता अभियान के माध्यम से एक निश्चित अंतराल के साथ निरंतर पहुंचती रहती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें प्रथम सदस्य बन कर भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारम्भ करने के बाद प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा मुख्यमंत्री को भाजपा का सदस्य बनाया। इसके पश्चात पूरे राजस्थान में जिला केन्द्रों से भाजपा का सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभूलाल सैनी ने विधायक संदीप शर्मा, कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कोटा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर को सदस्य बनाकर जिला स्तरीय अभियान की लॉचिंग की। उन्होनें कहा कि भाजपा ने पूरे देश में 10 करोड़ और राजस्थान में 1 करोड़ सदस्य बनानें के लक्ष्य को लेकर समाज के सभी वर्गों में डोर टू डोर कार्यकर्तागण पहुंचेंगे।

इसके लिये राष्ट्र से लेकर बूथ स्तर तक टोलियों का गठन कर दिया गया है। जो तीन चरणों में सदस्यता अभियान को सम्पन्न करेंगीं। सैनी नें कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, इसकी सदस्य संख्या विश्व में सबसे ज्यादा है। यह भारत की एकमात्र पार्टी है जो एक निश्चित समय के बाद निरंतर जमीनी स्तर पर पहुंच कर समाज से जुड़ी रहती है। इस सदस्यता अभियान में भी कार्यकर्ता घर-घर जाकर विचारों के माध्यम से प्रेरित करते हुऐं, सहमत नागरिकों को सदस्य बनायेंगे।

कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा नें कहा देश के युवावर्ग की पहली पसंद भाजपा है। प्रत्येक नौजवान भाजपा से जुड़कर देश सेवा करना चाहता है। भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने आसपास, गली मौहल्लों में संपर्क कर नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं सहित सभी नागरिकों तक पहुंच कर उन्हे पार्टी से जोड़ना चाहियें। सदस्यता अभियान के लक्ष्यों को पूरा करना चाहिये।

42 चिकित्सक सहायक आचार्य बने

बूंदी (निसं)। मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत छात्रों को अब शैक्षिणक कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। जिला अस्पताल में कार्यरत 42 चिकित्सकों को प्रदेश सरकार द्वारा सहायक आचार्य के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला अस्पताल में कार्यरत डॉ. पवन भारद्वाज, डॉ. अनिल कुमार जांगिड़, डॉ. भोला शंकर मीणा, डॉ. मोहम्मद खालिद खान, डॉ. एसडी खरेडिया, डॉ. पुखराज मीणा, डॉ. राकेश तनेजा, डॉ. प्रभाकर विजय, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. अमर शर्मा, डॉ. चंद्रेश मीणा, डॉ. अमर सिंह सोकरिया, डॉ. शिवानी मीणा, डॉ. प्रतिभा मीणा डॉ. पंकज कुमार शर्मा, डॉ. सत्यनारायण मीणा, डॉ. धनराज मधुर, डॉ. धनराज मीणा, डॉ. रोहित पहाडिया, डॉ. निजामुद्दीन, डॉ. लतीफ उल हसन, डॉ. नरेश जाटोलिया, डॉ. रघुवीर मीणा, डॉ. राजीव कुमार मीणा, डॉ. जितेंद्र मीणा, डॉ. पुरुषोत्तम कुमार महावर, डॉ. आशिक अली, डॉ. महेंद्र कुमार गोचर, डॉ. स्वप्निल गुप्ता, डॉ. मधु सेन, डॉ. अनामिका शर्मा, डॉ. लक्ष्मी नारायण मीणा, डॉ. भागचंद नागर, डॉ. मिथिलेश गोस्वामी, डॉ. मोहम्मद जावेद, डॉ. आशिष कुमार शर्मा, डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता, डॉ. सुरेश कुमार अग्रवाल, डॉ. आशीष व्यास, डॉ. गजेंद्र व्यास, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. सीमा शर्मा शामिल है।

जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का समापन

- स्नेहा अहीर को प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया

रामगंजमंडी (निसं)।कोई जीत कर खुश, तो कोई हार कर भी खुश इसी को खेल कहते हैं। इसी भावना के साथ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाकिया में बुधवार को 68वीं जिला स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता का समापन समारोह सम्पन्न हुआ।समापनसमारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील गौतम उप प्रधान खैराबाद पंचायत समिति थे एवं अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीछड़िया नीलेंद्र ने की तथा विशिष्ट अतिथि मोहनलाल धाकड प्रदेश उपाध्यक्ष सियाराम शिक्षक संघ थे।

अतिथियों के रूप जयवीर सिंह पंचायत समिति सदस्य एसएमसी सदस्य सोनी राम व हरिमोहन शामिल हुए।ग्रामवासी के द्वारा प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का खिताब स्नेहा अहीर को दिया गया।वहीं 68वीं जिमनास्टिक प्रतियोगिता विजेताओं में प्रथम स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाकिया द्वितीय स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सालेडाकलां व तृतीय स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रावली बालक वर्ग में विजेता रहे।वहीं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय खेडा रुद्धा द्वितीय स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाकिया व तृतीय स्थान पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुकड़ा खान रहा। आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 17 से 23 सितंबर तक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल अजमेर में आयोजित होगी। जिसके लिए छात्र वर्ग से समर मीणा हर्षित मीणा ढाकिया स्कूल जीवन कुमार अमरपुरा हर्षित मानपुर रौनक बैरवा सालेड़ा कलां रोहित दीपपूरा स्कूल एवं आरक्षित खिलाड़ियों में जिगर लोधा गुडला स्कूल अरुण कुमार राउमावि लक्ष्मीपुरा अंकित कुकडा खान रोहित भोलू बंटी फाणदा सुमित रावली स्कूल एवं राज्य स्तरीय बालिका 14 वर्ष जिमनास्टिक टीम में कल्पना कुकडा खान आशा वर्मा लक्ष्मीपुरा गुनगुन शर्मा हीराबाई पारीक बालिका स्कूल रामगंज मंडी स्नेहा अहीर नेहा अहीर व हेमलता राबाउप्रा विद्यालय खेडारुद्धा के साथ आरक्षित बालिका खिलाडियों में दिया मीना ढाकिया प्रतिज्ञा लक्ष्मीपुर हेमलता खेड़ारुद्धा व अंजलि हीराबाई पारीख रामगंज मंडी स्कूल का आगामी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सुनील गौतम ने कहा कि विकट परिस्थितियों में ढाकिया स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर खेल प्रतिभाओं को निखारने का जो कार्य संस्था प्रधान रामप्रसाद प्रजापति व शारीरिक शिक्षक दयाल सिंह द्वारा कराया जा रहा है वह अति सराहनीय है।जिमनास्टिक खेल उपकरणों के अभाव को देखते हुए स्कूलों में खेल उपकरण उपलब्ध करवाना उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा मंत्री व पंचायत समिति के द्वारा खेल उपकरण उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे।सुनील गौतम द्वारा प्रतियोगिता समाप्त की घोषणा की गई।पुरुस्कार देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया व् फ्लैग नीचे उतारकर संस्था प्रधान रामप्रसाद प्रजापति को सौंपा गया।अतिथियों का स्वागत स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर किया गया।मोनिका गोयल रीना कुमारी रेनू कुमावत आबिद अली दिनेश कुमार मुकेश कुमार विजय कुमार महेश कुमार गुलाटी व स्थानीय विद्यालय के स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने पूर्ण निष्ठा के साथ में इस प्रतियोगिता को संपन्न करने में अपना योगदान दिया।

बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव मनाया

रावतभाटा,(निसं)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल एंव नगर में भादवी बीज पर श्री बाबा रामदेव जी का जन्मदिन बुधवार को नगर के व ग्रामीण अंचल के विभिन्न मन्दिरों में धूम-धाम के साथ मनाया गया। तथा दोपहर में विभिन्न मन्दिरों से बेवाण निकाले गये।

रावतभाटा राणा प्रताप सागर बांध के निकट चंबल नदी के किनारें बना बरसो पुराना श्रीराम देव जी का मन्दिर पर मेला का आयोजन किया गया। चंबल नदी के घाट से 200 महिलाओं द्वारा सिर पर कलष यात्रा जल संसाधन विभाग के इंडिया गेट से बाबा रामदेव जी की झांकियों निषान व बैंड बाजों के साथ षोभायात्रा धूम-धाम के साथ निकाली गई। तथा मन्दिर में जागरण का आयोजन किया गया। लोक देवता पीरो के पीर रामसापीर बाबा रामदेव जी मंदिर कमेटी आरपीएस की और से भादवी बीज पर कलष स्थापना एंव भंडारा का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन व संध्या रात्रि का जागरण का आयोंजन किया गया। मन्दिरों को विद्युत सज्जा से सजाया गया। प्रात: से ही मन्दिरों पर श्रद्वालुओं की भीड़ रही हैं। रावतभाटा श्री बाबाराम देव जी का मन्दिर, चारभुजा झालरबावडी स्थित श्री बाबा राम देव जी का मन्दिर, भैंसरोडगढ, बोराव, श्रीपुरा, मण्डेसरा, जावदा, बलकुंडी, देवपुरा, एकलिंगपुरा, खातीखेडा, झरझनी, बडौदिया, जालखेडा, धावंदकंला सहित कई स्थानों पर श्री बाबाराम देव जी का जुलूस निकाला गया। वहीं रावतभाटा में स्थित राणा प्रताप सागर बांध के निकट चंबल नदी के किनारें बना बरसो पुराना श्री बाबा राम देव जी के मन्दिर से षोभयात्रा कई प्रमुख मार्गो से गुजरी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा स्थित श्री बाबाराम देव जी का मन्दिर के अवसर पर उनका निषान एंव पूजन अर्चना की गई।

रावतभाटा में इस अवसर पर हर वर्श की भांति इस वर्श भी स्थित राणा प्रताप सागर बांध के निकट चंबल नदी के किनारें बना बरसो पुराना श्री बाबाराम देव जी के मन्दिर पर मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। प्रसाद वितरण एंव भजन संध्या लोक कलाकारो की और से बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं ग्रामीण अंचल के वाषिंदे भी भारी संख्या में आ रहे है। वहीं नगर में स्थित श्री बाबा रामदेव जी का नाटक मंचन का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस प्रषासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी अच्छी बना रखी है।

महावीर स्वामी के जन्म वाचन पर प्रकाश डाला

रामगंजमंडी (निसं)।शहर के बाजार नं. 3 में स्थित श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के पांचवें दिन कल्पसूत्र वाचन में महाकौशल श्री संघ छत्तीसगढ़ से पधारे स्वाध्यायी किशोर सर्राफ और कल्पना सर्राफ ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म वाचन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिस समय भगवान का जन्म हुआ पूरा आकाश प्रकाश मय हो गया था।नरक गति के जीवों को भी आनंद का आभास हुआ था। भगवान के जन्म के बाद जन्म महोत्सव में इन्द्र देवता एवम् समस्त देव अपने अपने विमानों से सपरिवार नंदीश्वर द्वीप पहुंचे। राजा सिद्धार्थ ने पुत्र जन्म पर पूरी प्रजा के साथ दस तक जन्मोत्सव मनाया।

रावतभाटा में अन्नपूर्णा रसोई पुन: शुरू

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो दिन से तकनीकी खराबी के कारण रावतभाटा शहर में अन्नपूर्णा रसोई का संचालन नही हो पा रहा था। बेगूं विधायक डॉ. सुरेश धाकड की अनुशंसा पर रावतभाटा में तुरंत प्रभाव से अन्नपूर्णा रसोई शुरू हुई। अब नई संस्था टीम निवाला समिति और विनायक इंटरप्राइज द्वारा पुन: बुधवार से अन्नपूर्णा रसोई सुचारू रूप से शुरू की गई है। ताकि अब दोनों समय जरूरमंद और गरीब लोगो को अच्छी क्वालिटी का भोजन मिल सके। विधायक डॉ. सुरेश धाकड, नगर पालिका चेयरमैन मधु कंवर हाडा और कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने अन्नपूर्णा रसोई के लिए कहा कि इस योजना का उद्देश्य बडा नेक हैं, रावतभाटा शहर में ऐसे लोगों का पेट भरना जो गरीब हैं और जरुरतमंद है। पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, पूर्व चेयरमैन राजकुमार वाधवा, मंजुलता जंगम, भुवनेश नागर ने भोजन की क्वालिटी की तारीफ की। संस्था के द्वारा अब प्रतिदिन दोनो समय 8 रुपए में अच्छी क्वालिटी का भोजन जरूरतमंद व्यक्ति को मिल सकेगा। इस दौरान समाज सेवक विजय गुप्ता, सतीश शर्मा, अर्जुन तिवारी मौजूद रहे।

रावतभाटा में अन्नपूर्णा रसोई पुन: शुरू हुई।

सार-समाचार

कालू बाबा का जन्मोत्सव मनाया

रावतभाटा, (निसं)। कहार समाज उत्थान सेवा समिति द्वारा भोई मछुआ समाज के आराध्य देव भगवान कालू बाबा का जन्म उत्सव मनाया गया। कहार भोई मछुआ समाज ने ब्रह्मा जी के पुत्र नारद जी के गुरु मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के सखा और मछुआरा समाज जलवंशी के आराध्य महर्षि कालू बाबा का जन्म उत्सव चारण बस्ती काली माता मंदिर पर धूमधाम से मनाया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन दर्शन को प्रेरणादायक बताया साथ ही उनके चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कहार भोई मछुआ समाज जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भोई ने की, साथ ही बताया कि हमारा समाज जीवन और जीवन की रचना की उत्पत्ति जितना ही पुराना हैं हर युग में हमें एक नया नाम मिला लेकिन हमारा अस्तित्व रामायण, महाभारत, गीता सभी में मिलता हैं। रामायण काल में भगवान श्री राम बाल साख मित्र भगवान निषाद राज, भगवान महर्षि कालू बाबा, भगवान महर्षि कश्यप के द्वारा किए गए कार्यों से सामने आया हैं। जिसका विवरण हमें रामायण में मिलता हैं, हर युग में हमने समाज की सेवा की हैं, महाभारत काल में भी समाज के अन्य नाम का विवरण हैं। देश में हम इन उपजातियां से जाने जाते हैं जैसे कहार, भोई, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, बाथम, साहनी, डोडिया, रैकवार, मेहरा, घीवर, किर, तुरहा, मांझी, एकलव्य आदि। दुर्गेश कहार ने बताया कि समाज को एक सूत्र में जोडना चाहिए। शिक्षा की और ध्यान देना चाहिए ताकि समाज का नाम हो। इस दौरान तुलसीराम कहार, दुर्गेश कहार, भेरू कहार, ऋतिक कहार, महेश कहार, भेरू कहार, कमल मेहरा, मागीलाल कहार, किशोर कहार, बबलू, अर्जुन कहार, देवेंद्र, अजय कहार समेत कही लोग उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

रावतभाटा, (निसं)। विद्या भारती विद्यालय श्री राम बाल विद्या मंदिर (उ.प्रा.) भैंसरोडगढ़ के भैया बहिनों को विद्यालय प्रबंध समिति ने बुधवार को सम्मनित किया। प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा की जिला खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले भैया बहिनों को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। जिनमें बाल वर्ग भैया की खो-खो टीम जिला स्तर पर विजेता रही। इसी प्रकार एथलेटिक्स में बाल वर्ग भैया दीपिका कश्यप ने तस्तरी फेंक मे प्रथम, तथा 400 मीटर दौड़ में भैया दीपक माली प्रथम, लंबी कूद में भैया अरविंद प्रथम, भैया योगराज माली 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर विजेता रहे। सभी विजेताओं को प्रबंध समिती के पदाधिकारियों ने तिलक, माल्यार्पण कर सम्मानित किया। प्रबंध समिति से अशोक कुमार भट्ट, रामस्वरूप गौड़, मनोहर सिंह राणावत, रोहित कुमार जैन, मोहन देराश्री, भगवान सिंह गौड़, नरेंद्र सिंह राठौड़, हेमलता राणावत, चेतना गौड़, प्रधानाचार्य, तथा आचार्य आचार्याएं मौजूद रहे। जिला स्तर से कोटा, रावतभाटा, चेचट, रामगंजमंडी, मोरपा, सांगोद, सुल्तानपुर, एकलिंगपुरा, आदि विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।

शोभायात्रा निकाली

छबड़ा (निसं)। बमोरा गांव मे क्षत्रिय कुशवाहा समाज द्वारा आराध्य देव लव-कुश भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर निकाली शोभायात्रा में लव-कुष, महर्शि वा